दिन– शनिवार | दिनांक– 26/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि जिन युवाओं को आज नियुक्ति पत्र मिले हैं, उन पर देश की अर्थव्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने, आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास करने और श्रमिकों के जीवन में बदलाव लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे अपने काम के प्रति जितने ईमानदार होंगे, उतना ही यह भारत की विकसित भारत की यात्रा में सहायक होगा।

श्री मोदी ने कहा कि बजट में सरकार ने विनिर्माण मिशन की घोषणा की है और इसका उद्देश्य मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना तथा भारत के युवाओं को वैश्विक मानकों के उत्पाद बनाने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ लाखों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तथा छोटे उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देशभर में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप पंद्रहवां रोजगार मेला आज देशभर में सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया गया। नए भर्ती हुए कर्मचारी राजस्व विभाग, कार्मिक और लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रेल मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केंद्र सरकार की नौकरियों में शामिल होंगे।

———————————————————————

इधर, पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित रोजगार मेले में दो सौ पंद्रह चयनित अभ्यर्थियों को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने नियुक्ति पत्र सौंपा। ये नियुक्तियां रेलवे, सीमा सुरक्षा बल, एम्स, डाक विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, भारतीय खाद्य निगम और केंद्र सरकार के अन्य विभागों में की गई

है। श्री ठाकुर ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को बधाई दी और उनके सफल भविष्य की कामना की। श्री ठाकुर ने नवनियुक्त कर्मियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण को साकार करने का आह्वान भी किया। वहीं, बोधगया में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, बक्सर और भोजपुर जिले में उष्ण लहर–लू चलने की संभावना जताई है। इधर, राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में भीषण गर्मी से जन–जीवन बुरी तरह प्रभावित है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गया और डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग ने राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में परिवर्तन के संकेत भी दिए हैं। विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, सीवान, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, बांका जमुई, नवादा और भागलपुर जिले के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।